आकाशवाणी चंडीगढ़

15 फ़रवरी 2025, समय 1810

समाचार

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज हिसार में तीन दिवसीय "कृषि दर्शन" प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।
- मुख्यमंत्री  ने कहा कि सरकार लगातार किसान हित में कार्य कर रही है।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जग प्रकाश नड्डा ने झज्जर के राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में एम्स ऑनकोलॉजी सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- सीबीआई ने साइबर अपराध से जुड़े एक मामले में दिल्ली और हरियाणा में 11 स्थानों पर छापेमारी की।
- प्रयागराज में आज शाम तक एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई।
- भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा नगर निगम चुनाव में महापौर पद के कई उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि केंद्र सरकार लगातार किसान हितैषी योजनाएं बना रही है।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सहित कई योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंच रहा है।मुख्यमंत्री आज हिसार स्थित उत्तरी क्षेत्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान में तीन दिवसीय कृषि दर्शन प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद किसानों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा:

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी किसानों को संबोधित किया और राज्य सरकार द्वारा किसान हित में उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। मेले में सैकड़ों की संख्या में स्टॉल लगाए गए हैं जहां किसानों को जैविक

खेती, ड्रोन तकनीक, सूक्ष्म सिंचाई, पशु पालन एवं कृषि मशीनरी से संबंधित जानकारी दी जा रही है।मेले में जम्मू कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक की कंपनियां अपने कृषि मशीनरी लेकर पहुंची हैं। मेले में देशभर से लाखों की गिनती में आए किसान कृषि की नई नई तकनीकों की जानकारी ले रहे हैं।इस बार केंद्रीय बजट में कृषि के लिए बजट में वृद्धि की गई है

**********************************************************************

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज झज्जर के बाढ़सा स्थित एम्स के राष्ट्रीय कैंसर संस्थान का दौरा किया।

श्री नड्डा ने इस दौरान राष्ट्रीय कैंसर संस्थान का निरीक्षण किया और एम्स ऑनकोलॉजी सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में पीएम जन आरोग्य योजना का ज़िक्र करते हुए श्री नड्डा ने कहा:

हमारे संवाददाता ने बताया कैंसर बारे इस सम्मेलन में श्री नड्डा ने कैंसर के निदान के लिए लोगों में जागरूकता लाने और कैंसर रोगियों का मनोबल बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समय रहते कैंसर रोग का पता लगने से इसका इलाज संभव है।

**********************************************************************

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई ने साइबर अपराध से जुड़े एक मामले में दिल्ली और हरियाणा में 11 स्थानों पर छापेमारी की। छापों में एक करोड़ रूपये की नकदी, एक हजार डॉलर की विदेशी मुद्रा और सोना बरामद हुआ है। सीबीआई का कहना है कि आरोपी, सरकारी अधिकारी बनकर अवैध गतिविधियों और क्रिप्टो की धोखाधड़ी में संलिप्त थे। ये लोग फर्जी तकनीकी सहायता परामर्श का झांसा देकर देश और विदेश में लोगों को ठगते थे। सीबीआई ने इस मामले में तीन लोगों के विरूद्ध आरोपपत्र दाखिल किया है।

**********************************************************************

प्रयागराज महाकुंभ में आज शाम तक एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी आज कुंभ स्नान किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा:

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी आज प्रयागराज पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और अध्यात्म के प्रति लोगों की आस्था पूरे भारत को एक साथ जोड़ती है।

**********************************************************************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नए आयकर विधेयक की जांच के लिए 31 सदस्यों की प्रवर समिति का गठन किया है। समिति के सभापति भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत पांडा होंगे। समिति अगले सत्र के पहले दिन अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

**********************************************************************

परीक्षा पे चर्चा 2025 की पांचवी कड़ी में विद्यार्थियों को मस्तिष्क के चमत्कार के बारे में बताया गया है। प्रसिद्ध आध्यात्मिक नेता सद्गुरु ने बच्चो के साथ सीखने को मनोरंजक बनाने और संतुलित, जीवंत मस्तिष्क विकसित करने के बारे में अंतर्दृष्टि साझा की।

सद्गुरु ने परीक्षा में ध्यान बढ़ाने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मजबूत सचेतनता तकनीक की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा के बारे में नहीं है। सद्गुरु ने विद्यार्थियों से अपनी बुद्धि को गतिशील रखने को कहा।

**********************************************************************

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश चुनाव समिति द्वारा हरियाणा में होने वाले नगर निगम चुनाव के लिए महापौर पद के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा के बाद आज कई उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।हिसार में परवीन पोपली ने मुख्यमंत्री नायब सिंह की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रवीण पोपली के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।गत दस वर्षों की सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव संपन्न होने के बाद हिसार की सभी समस्याओं का तेज़ी से निवारण किया जाएगा।उधर, अंबाला नगर निगम में महापौर के उपचुनाव के लिए बीजेपी प्रत्याशी शैलजा सचदेवा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी ने फरीदाबाद से श्रीमती प्रवीण जोशी, पानीपत से श्रीमती कोमल सैनी, रोहतक से श्रीराम अवतार वाल्मीकि, यमुनानगर से श्रीमती सुमन, सोनीपत से राजीव जैन और गुरुग्राम से राज रानी मल्होत्रा को महापौर पद का उम्मीदवार बनाया है।पार्टी ने करनाल से पूर महापौर रेणु बाला गुप्ता पर फिर से भरोसा जताया है। श्रीमती रेणु बाला गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा

इस बीच आम आदमी पार्टी ने फरीदाबाद के विभिन्न वार्डों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है।

**********************************************************************

नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए कल सिरसा हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्तसांतनु शर्मा ने बताया कि हाफ मैराथन को मुख्यमंत्री नायब सिंह झण्डी दिखाएंगे। एक सरकरी प्रवक्ता ने बताया कि 21.1 किलोमीटर हाफ मैराथन के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 37हजार 500 रुपये और तृतीय पुरस्कार

के रूप में 25 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। इसी तरह 10किलोमीटर प्रतिस्पर्धा में प्रथम पुरस्कार में 25 हजार, द्वितीय पुरस्कार में 15 हजार तथा तृतीयपुरस्कार में 10 हजार रुपये दिए जाएंगे।